(ङ.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (ग्रामीण रोजगार और गरीबी उन्मूलन विभाग) (श्री विलास बाबूराव मुत्तेमवार): (क) से (ङ.) "ग्रामीण युवा स्वरोजगार प्रशिक्षण योजना" को भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य मात्र ग्रामीण युवाओं को तकनीकी एवं उद्यमवृत्ति शिक्षा प्रदान करना है। जहां तक आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सौराष्ट्र क्षेत्र में राजकोट के शहरी क्षेत्रों में ट्राइसेम कार्यक्रम की उपलब्धियों का ब्यौरा मांगा गया है, तो अभी प्रस्तुत करने के लिए हमारे पास कोई सूचना नहीं है।

Sale of equity of Visakhapatnam Steel Plant

998. SHRI YERRA NARAYANASWAMY: Will the Minister of STEEL be pleased to state:

(a) whether there is any proposal to sell equity of Visakhapatnam Steel Plant;

(b) whether it is a fact that adequate finance have to be located for expansion;

(c) quantum of funds required for expansion of Visakhapatnam Steel Plant;

(d) the manner in which Government propose to raise this needed funds; and

(e) the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF STEEL (SHRI SONTOSH MOHAN DEV): (a) No, Sir.

(b) to (e) No decision has been taken so far on the expansion of Visakhapatnam Steel Plant.

मध्य प्रदेश में विकलांग व्यक्तियों के लिए जिला पुनर्वास केन्द्र

999. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या कल्याण मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य प्रदेश के विकलांग व्यक्तियों के लिए किसी जिला पुनर्वास केन्द्र की स्थापना का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उसका जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत राज्य में किन-किन जिलों का चयन किया गया है; और

(घ) सरकार द्वारा आवंटित राशि का जिलावार ब्यौरा क्या है?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी): (क) से (घ) जिला पुनर्वास केन्द्र, विलासपुर जो पहले ही कार्य कर रहा है, के अतिरिक्त, मध्य प्रदेश में किसी जिला पुनर्वास केन्द्र की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। वर्ष 1995-96 के लिए जिला पुनर्वास केन्द्र, विलासपुर के लिए बजट 14.36 लाख रूपए हैं।

पेयजल की आपूर्ति

1000. **श्री रामजीलाल:** क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ऐसे कौन-कौन से राज्य हैं जहां पर पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है तथा ऐसे कौन-कौन से राज्य है जहां पर यह उपलब्ध नहीं कराया गया है;

(ख) जिन राज्यों में पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है वहां पर वाटर टैंक तथा इसकी आपूर्ति बनाये रखने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा कितनी सहायता उपलब्ध करायी गयी है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई एच. पटेल): (क) 31.1.96 की स्थिति के अनुसार हरियाणा, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल राज्यों को छोड़ कर शेष सभी राज्यों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराए जाने से संबंधित कवर न की गई बसावटें हैं।

(ख) त्वरित ग्रामीण जलापूर्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्यों को जारी की जाने वाली निधियों के 10 प्रतिशत को जलापूर्ति योजनाओं के प्रचालन व रख-रखाव के लिए निर्धारित किया जाता है। इसे राज्य क्षेत्र के न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम की निधियों के 10 प्रतिशत द्वारा और अनुपूरित किया जाता है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

Charge chrome plants in Orissa

1001. SHRI RAHASBIHARI BARIK: Will the Minister of STEEL be pleased to state:

(a) the number of charge chrome plants in Orissa;

(b) whether some of these charge chrome plants have baen closed down;

(c) if so, the reasons for the closure of these charge chrome plants; and